ORANGE GLOBAL OLYMPIAD

# GRADE 4

## हिंदी

## School Level Examination (SLE) 2025

SUBJECT CODE | 6 | 0 | 1 |

**Total Questions:** 30 **Total Marks:** 30 **Time:** 1 Hour

## जब तक निर्देश न दिया जाए, इस पुस्तिका को न खोलें।

- O.M.R. **उत्तर-पत्रक** पर अपना **नाम**, **कक्षा**, **रोल नंबर** और अन्य आवश्यक विवरण सावधानीपूर्वक भरें।
- **केवल** HB **पेंसिल** का उपयोग करके O.M.R. उत्तर-पत्रक भरें।
- सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं और प्रत्येक प्रश्न **एक अंक** का है।
- केवल O.M.R. **उत्तर-पत्रक** का मूल्यांकन किया जाएगा।
- गलत उत्तरों के लिए कोई **नकारात्मक अंक नहीं** है।
- प्रश्न-पत्र के **अंतिम पृष्ठ** का उपयोग **रफ़ कार्य** के लिए किया जा सकता है।
- कैलकुलेटर, स्मार्ट वॉच या मोबाइल फ़ोन जैसे **डिजिटल उपकरणों** की **अनुमति नहीं** है।
- परीक्षा समाप्त होने के बाद, O.M.R. **उत्तर-पत्रक** और **प्रश्न-पत्र** दोनों पर्यवेक्षक को जमा करें।



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_Set-1 - New.indd 1 7/8/2025 12:48:02 PM

**निर्देश : इस प्रश्न-पत्र में 30 बहुविकल्पी प्रश्न हैं। इनमें से प्रत्येक के चार विकल्प हैं, जिनमें से केवल एक विकल्प सही है। विद्यार्थी को एक सही विकल्प का चयन करना है।**

## खंड ( क ) : कौशल एवं दक्षता आधारित प्रश्न

**1. इनमें से कौन-सी भारतीय भाषा है?**

(A) नागपुरी
(B) भोटिया
(C) मराठी
(D) अंग्रेज़ी

**2. इनमें से कौन-सा शब्द जातिवाचक संज्ञा शब्द है?**

(A) यमुना
(B) वीरता
(C) सायना
(D) मंत्री

**3. 'वैदिक' शब्द का सही वर्ण-विच्छेद है–**

(A) व् + ए + द् + ई + क् + अ
(B) व् + ऐ + द् + ई + क + अ
(C) व् + ऐ + द् + इ + क् + अ
(D) व् + ए + द् + ई + क + अ्

**4. इनमें से कौन-सा शब्द पुल्लिंग शब्द है?**

(A) भाषा
(B) हवा
(C) पेड़
(D) नदी

**5. 'आ, ऐ, ओ, औ' कौन-से स्वर हैं?**

(A) ह्रस्व स्वर
(B) दीर्घ स्वर
(C) लघु स्वर
(D) प्लुत स्वर

**6. 'ठाकुर' शब्द का सही स्त्रीलिंग रूप है–**

(A) ठकुरानी
(B) ठाकुरनी
(C) ठकुराइन
(D) ठाकुरी



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_Set-1 - New.indd 2 7/8/2025 12:48:02 PM

7. '...................... हमें खुशी और उल्लास देते हैं।' इस वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उचित शब्द चुनिए।



(A) त्यौहार (B) तियोहार

(C) तोहार (D) त्योहार

8. किस शब्द से बना बहुवचन सही है?

(A) बात–बातें (B) परी–परीं


(C) किरण–किरणैं (D) पौधा–पौधें

9. 'मेरे जन्मदिन पर ............... ज़रूर आना।' उचित सर्वनाम चुनिए–

(A) आप (B) आपको

(C) तुम्हें (D) तुमको

10. 'राघव मेरा <u>मित्र</u> है।' वाक्य में आए शब्द का रेखांकित पर्याय है–



(A) गुरु (B) सखा

(C) मनुज (D) तनय

11. 'सर्वज्ञ' शब्द के लिए वाक्यांश होगा–

(A) सभी का हितकारी (B) जो सब कुछ जानता हो

(C) जो सब कुछ खाता हो (D) सभी का प्रिय

12. किस शब्द में द्वित्व व्यंजन का प्रयोग हुआ है?

(A) मन्नत (B) अक्षत

(C) प्रांजल (D) परिश्रम

13. किस वाक्य में सकर्मक क्रिया है?

(A) तृप्ति बहुत ज़ोर से हँसी। (B) आप उस कुरसी पर बैठिए।

(C) शेर ने हिरन का पीछा किया। (D) पार्थ सो रहा है।

**14. किस वाक्य का रेखांकित विशेषण गुणवाचक विशेषण है?**

(A) मेरी बहन बहुत <u>समझदार</u> है।

(B) पिता जी <u>दो लीटर</u> दूध लाए।

(C) अवनी के पास कहानियों की <u>पाँच</u> पुस्तकें हैं।

(D) <u>उस</u> लड़के ने कड़ा परिश्रम किया।

**15. कौन-सा वाक्य अशुद्ध है?**

(A) क्या आपने फल खा लिए हैं?

(B) एक फूलों की माला ले आओ।

(C) खरगोश को गाजर काटकर खिलाओ।

(D) लकड़हारा लकड़ियाँ काट रहा था।

**16. कौन-सा शब्द शुद्ध है?**

(A) शुन्य

(B) मात्रभूमि

(C) तिथी

(D) कृपाण

**17. इनमें से सही वाक्य चुनिए–**

(A) दादा जी कहानी सुनाती हैं।

(B) बाहर अनेकों लोग बैठे हैं।

(C) बच्चा फल खा रहा है।

(D) तेरे को क्या काम है?

**18. 'सफल' शब्द का सही विलोम है–**

(A) फेल

(B) असफल

(C) हारना

(D) अनसफल

**19. सही विराम-चिह्न के प्रयोग वाला वाक्य है–**

(A) मेरे सभी मित्र प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

(B) हे! भगवान। यह क्या हुआ।

(C) जंगल, के सभी जानवर भागने लगे।

(D) वह कल हॉस्टल! जा रही है?

**20. किस मुहावरे का अर्थ 'तैयार होना' है?**

(A) ईंट से ईंट बजाना

(B) कान भरना

(C) दाल में काला होना

(D) कमर कसना

21. **इनमें से कौन-सा महाद्वीप (continent) सबसे बड़ा है?**

(A) 


(B) 


(C) 


(D) 


22. **इंद्रधनुष के सात रंगों में शामिल रंग नहीं है–**

(A) लाल
(B) पीला
(C) बैंगनी
(D) काला

23. **कंप्यूटर के दिमाग को क्या कहते हैं?**

(A) 
माउस

(B) 
सीपीयू

(C) 
की–बोर्ड

(D) 
मॉनिटर



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_Set-1 - New.indd 5 7/8/2025 12:48:03 PM

**निर्देश : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 24 तथा 25 के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**



किसी गाँव में एक महान और ज्ञानी पंडित रहते थे। वे बहुत ही बुद्धिमान माने जाते थे। गाँव के प्रधान, सेठ आदि सभी अपने बच्चों को उनके पास शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजते थे। सभी उनका सम्मान करते थे। उनकी एक पुत्री थी। वह बहुत ही सुंदर, सुशील व गुणी थी। पंडित जी को उसके विवाह की चिंता सता रही थी। उन्होंने अपने सभी शिष्यों की परीक्षा लेने का विचार किया। परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले शिष्य से वे अपनी पुत्री का विवाह कराना चाहते थे। उन्होंने विवाह के लिए एक शर्त रखी कि जो शिष्य अपने घर में सबसे अधिक सुख-सुविधा का सामान एकत्रित कर लेगा, वही उनकी पुत्री का वर होगा।

**24. गाँव के सभी बच्चे पंडित जी के पास क्यों आते थे?**

(A) भोजन ग्रहण करने

(B) बातें करने

(C) शिक्षा ग्रहण करने

(D) विकल्प (A) व (B) दोनों

**25. पंडित जी को किसके विवाह की चिंता सता रही थी?**

(A) शिष्य के

(B) पुत्री के

(C) प्रधान के

(D) सेठ के



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_Set-1 - New.indd 6 7/8/2025 12:48:04 PM

## खंड (ख) : उच्चस्तरीय चिंतन कौशल आधारित प्रश्न

**26. कौन-से दो शब्द एक-दूसरे के पर्याय नहीं हैं?**

(A) पट, अंबर
(B) घोटक, तमस
(C) सदन, भवन
(D) हस्त, कर

**27. इनमें से सही वर्ण-विच्छेद नहीं है–**

(A) क् + आ + य् + अ + र् + अ
(B) ज् + आ + ल + ध् + इ
(C) द् + उ + र् + ज् + अ + न् + अ
(D) च् + आ + त् + उ + र् + य् + अ

**28. किस वाक्य में प्रश्नवाचक चिह्न का गलत प्रयोग हुआ है?**

(A) तुमने तो श्रेया के दाँत खट्टे कर दिए?
(B) आज माँ ने खाने में क्या बनाया है?
(C) तुम मुन्नार से कब लौटे?
(D) क्या तुम दुखी हो?

**29. इनमें से राज्य व उसकी भाषा वाला कौन-सा युग्म सही नहीं है?**

(A) ओडिशा – ओडिया
(B) कर्नाटक – मलयालम
(C) तेलंगाना – तेलुगु
(D) महाराष्ट्र – मराठी

**30. कौन-सा वाक्य भविष्यत काल का नहीं है?**

(A) वह कल से ऑफ़िस जाएगा।
(B) अमिता स्कूल जाएगी।
(C) अरुणा ने पुस्तक पढ़ी।
(D) इस वर्ष फसल अच्छी होगी।

## SPACE FOR ROUGH WORK



OGO_Hindi_SLE_Paper_Grade-4_Set-1 - New.indd 8 7/8/2025 12:48:04 PM